आकाशवाणी शिमला
16.06.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मंडी मध्यस्थता योजना

राज्य सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सभी लंबित देनदारियों के निपटारे के लिए एक सौ 53 करोड़ रूपए जारी किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के इतिहास में पहली बार प्रदेश सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब उत्पादकों की सभी देनदारियों का भुगतान किया है। वे आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र के नारकण्डा में स्थानीय लोगों की जनसमस्याएं सुनने के दौरान विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और बागवानों को सेब कीटनाशकों व उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी को पूर्व भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने इसे बहाल कर दिया है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत नारकंडा क्षेत्र की एक सौ 73 लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में 3 महीने की सम्मान निधि के रूप में 45 सौ रूपए हस्तांतरित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ढली–नारकंडा सड़क को फोरलेन के रूप में स्तरोन्नत करने और सुरंगों की सुविधा के संबंध में केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ विचार–विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाटू मंदिर तक रोप–वे स्थापित करने की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। इससे पहले उन्होंने हाटू माता मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

अग्निहोत्री

राज्य सरकार ऊना ज़िला के हरोली विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले बल्क ड्रग पार्क में एक हज़ार करोड़ रूपए का पूंजी निवेश करेगी। ऊना ज़िले के बढ़ेड़ा में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि परियोजना का कुल खर्च राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा 50–50 फीसदी की हिस्सेदारी में वहन किया जाएगा और परियोजना संचालन का ज़िम्मा भी राज्य सरकार ही देखेगी। उन्होंने कहा कि ये परियोजना पूरे प्रदेश के लिए विकास और रोज़गार सृजन की मिसाल बनेगी। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने बढ़ेड़ा स्थित हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज में 40 बिस्तरों की सुविधा वाले मल्टी स्पैशिलिटी आयुर्वेदिक अस्पताल और यहां लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ भी किया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि मेले व त्योहार युवा पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति की जानकारी का साधन हैं। वे आज सोलन ज़िले के देयोंघाट में सिद्ध बाबा बालकनाथ मेले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्थानीय स्तर पर आयोजित किए जा रहे मेलों की परंपरा को टूटने न दें। शांडिल ने कहा कि देयोंघाट में पानी की समस्या के समाधान के लिए समिति गठित कर पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाई जाएगी।

जगत नेगी

राजस्व व बागवानी विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िला के पूह विकासखंड की लिप्पा पंचायत में आज तैती खड्ड पर दो करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से बने वैली ब्रिज का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वैली ब्रिज के बनने से क्षेत्र के लोगों को अपनी नगदी फसलें मंडियों तक पहुंचाने और चिकित्सा आपदा के समय अस्पताल पहुंचने में भी आसानी होगी। इस दौरान जगत सिंह नेगी ने अढ़ाई करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन लिप्पा व बस स्टैंड से पानसारिंग तक बनने वाले लिंक रोड का शिलान्यास किया। राजस्व मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनीं और सभी उचित मांगों के त्वरित निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

<u>बिंदल</u>

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में अग्निकांड, तपती लू और जलसंकट को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि जहां पूरा प्रदेश तेज गर्मी और लू से जल रहा है वहीं प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू अपने चहेतों और मित्रों को कैबिनेट रैंक बांटने में मशगूल हैं। उन्होंने कहा कि कर्ज में लिया प्रदेश का पैसा दोस्तों और चहेतों को खुश करने में लगाया जा रहा है जबकि आम जनमानस पानी की एक–एक बूंद के लिए तरस रहा है। बिंदल ने कहा कि बीते दो महीनों से प्रदेश के जंगल जल रहे हैं और मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों की फौज एसी और कूलर के कमरों में बैठ कर इस आग का तमाशा देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट और फिरौती का तांडव हो रहा है लेकिन राज्य सरकार आंखें मूंदे बैठी है।

पीएम– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कडी होगी। नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00–11–78 00 के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। आप अपने विचार नरेंद्र मोदी ऐप या माय गोव ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

....